नईदुनिया

# रायपुर में फैक्ट्री से 700 किलो नकली पनीर बरामद, बड़े होटलों और दुकानों में होती थी सप्लाई




**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायपुर:** राजधानी के भाटागांव इलाके में नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापा मारकर करीब 700 किलो नकली पनीर और मिल्क पाउडर जब्त किया है। गंदगी और बदबूदार माहौल में सस्ता वनस्पति तेल, मिल्क पाउडर और खतरनाक केमिकल मिलाकर नकली पनीर बनाया जा रहा था।इसकी सप्लाई शहर के कई होटलों, मिठाई दुकानों और डेयरियों में की जा रही थी।

Source: https://www.naidunia.com/chhattisgarh/raipur-700-kg-fake-paneer-recovered-from-factory-in-bhatagaon-8398360